## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये नामांकन हुआ पूरा। आज होगी नामांकन पत्रों की जांच। आठ अप्रैल है नामांकन वापसी की आखिरी तारीख ।
- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न जिलों में आयोजित किये गये मतदाता जागरूकता के विविध कार्यक्रम। लोगों को बढ़–चढ़कर मतदान के लिये किया गया प्रेरित।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मथुरा में एक चुनावी जनसभा को किया संबोधित। कहा– विकसित भारत के लिए उत्तर प्रदेश का विकास जरूरी।
- निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महा निदेशकों को अंतराज्यी और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी के दिये निर्देश।

**********

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कल नामांकन पूरा हो गया। आज इन नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। आठ अप्रैल नामांकन वापसी की आखिरी तारीख होगी। इस चरण में प्रदेश की आठ सीटों–अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा के लिए छब्बीस अप्रैल को वोट डाले जाएंगे और मतगणना चार जून को होगी।

मथुरा सीट के लिए कल भाजपा प्रत्याशी के रूप में हेमा मालिनी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर भाजपा नेता और प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहे। इस सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश सिंह और कांग्रेस–सपा गठबंधन के प्रत्याशी मुकेश धनगर सहित कुल सोलह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है।

मेरठ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तीसरी बार प्रत्याशी बदलते हुए पूर्व मेयर सुनीता वर्मा को टिकट दे दिया। सपा की ओर से सुनीता वर्मा ने कल नामांकन दाखिल किया। इससे पहले एक दिन पूर्व सपा की ओर से अतुल प्रधान ने नामांकन किया था। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार अरूण गोविल और बसपा उम्मीदवार देवव्रत त्यागी पहले ही नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

अमरोहा में कुल सत्ताइस प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया है। भाजपा से पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर, सपा–कांग्रेस गठबंधन से बसपा से निष्कासित सांसद कुंवर दानिश अली और बसपा से मुजाहिद हुसैन ने अपना नामांकन कराया है। यहां आखिरी दिन दस नामांकन हुए।

बागपत लोकसभा सीट के लिए कल सपा उम्मीदवार अमरपाल शर्मा ने अपना नामांकन पत्र जमा कराया। इससे पहले भाजपा–रालोद गठबंधन के प्रत्याशी डा. राजकुमार सांगवान और बसपा प्रत्याशी प्रवीण बंसल सहित सोलह उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र जमा कर चुके हैं। वहीं बुलन्दशहर सीट पर नामांकन के अंतिम दिन तक दस प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किये।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत, विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इसे लेकर चलाये जा रहे अभियान से स्वंय सेवी संस्थाए और शिक्षण संस्थान भी जुड़ रहे हैं।

मिर्जापुर में गंगा नदी में नार घाट से फतहा घाट तक "बोट फॉर वोट"नौका रैली आयोजित हुई और उसके माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। हरदोई में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक हजार पांच सौ से अधिक दो पहिया वाहनों पर सवार करीब तीन हज़ार लोग मतदाता जागरूकता रैली का हिस्सा बने। वहीं हाथरस के विभिन्न विद्यालयों में स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। गोरखपुर के चरगांवां विकासखंड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। औरैया जिले के अछल्दा क्षेत्र में अर्धसैनिक बल ने फ्लैग मार्च कर के लोगों से निर्भय होकर मतदान करने की अपील की। पीलीभीत में पिछले चुनाव में साठ प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों पर कल मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया और मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गयी। देवरिया, मऊ, उन्नाव, भदोहीं और मथुरा में भी मतदाता जागरूकता के विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**********

भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी सांसद हेमा मालिनी पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने पर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला की निंदा की। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में पार्टी प्रवक्ता सुधान्शु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा यह भारतीय राजनीति में महिलाओं की गरिमा का अनादर और अपमान करने का एक नया स्तर है। इस बीच कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा है कि उनका इरादा हेमा मालिनी का अपमान या उन्हें ठेस पहुंचाने का नहीं था। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें श्री सुरजेवाला सांसद हेमा मालिनी के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं।

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मथुरा में भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में चुनावी जनसभा की। जनसभा में लोगों को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित मथुरा का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हेमा मालिनी ने इस क्षेत्र को नई

पहचान दी है। श्री योगी कल शाम गोरखपुर पहुंचे और वहां उन्होंने भाजपा की चुनाव संचालन समिति की एक बैठक को भी संबोधित किया।

वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान जारी करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों, नौजवानों, महिलाओं और व्यापारियों से झूठे वादे किये। सरकार अपना एक भी वादा पूरा नहीं कर पायी है।

**********

लोकसभा चुनाव के निष्पक्ष और सफल आयोजन के लिए पूरी सतर्कता के साथ तैयारी चल रही हैं। पीलीभीत में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रितु पूनिया ने बताया कि जनपद में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए विधानसभा वार अठारह सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। एक पोलिंग पार्टी के साथ एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी रहेगी। वाराणसी में जिला निर्वाचन अधिकारी एस राजलिंगम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेड न्यूज और मीडिया प्रमाणीकरण एवंमॉनिटरिंग कमेटी के संबंध में बैठक की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के साथ ही प्रतिदिन की रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए। हरदोई के जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि वहां आमजन की शिकायतों के निस्तारण के लिए जिला शिकायत समिति का गठन किया गया है।

**********

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को अवैध शराब, नकदी, मादक पदार्थ और हथियारों की आवाजाही रोकने के लिए अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी का निर्देश दिया है। आयोग ने शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। आयोग ने कानून–व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक की।

**********

निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर फैलाए जा रहे उस भ्रामक संदेश को फर्जी करार दिया जिसमें कहा गया है कि सरकारी कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर सकते। एक सोशल मीडिया पोस्ट में आयोग ने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात पात्र अधिकारी मतदाता सुविधा केन्द्र से डाक मतपत्र के जरिये मतदान कर सकते हैं। आयोग ने लोगों से जागरूक रहने और भ्रामक संदेशों से सतर्क रहने को कहा है। प्रामाणिक जानकारी के लिए लोगों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट देखने को कहा गया है।

**********

राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य, उनकी बेटी व बदायूं से मौजूदा भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्य सहित पांच लोगों के खिलाफ लखनऊ की एमपी–एमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई धोखाधड़ी, मारपीट, जान से मारने की धमकी और साजिश के मामले में हुई है। सांसद संघमित्रा मौर्य पर विना तलाक लिए धोखे से दीपक र्स्वणकार से शादी का आरोप है। मामले में कोर्ट मे हाजिर न होने पर एमपी–एमएलए कोर्ट ने संघमित्रा के साथ ही स्वामी प्रसाद मौर्य, नीरज तिवारी, सूर्य प्रकाश शुक्ला, और ऋतिक सिंह के खिलाफ वारंट जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई सोलह अप्रैल को होगी।(प्रादेशिक समाचार)

**********

सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ दर्ज कानपुर के जाजमऊ आगजनी मामले में पांचवीं बार कल कोर्ट का फैसला टल गया। एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने इस मामले की सुनवाई के लिए अब छह अप्रैल की तारीख दी है।

**********